ओमप्रकाश नाजवानी
सम्पादक

विज्ञापन हेतु
सम्पर्क करें।
9269214000
प्रति. बुक करावें

RNI No. : RAJHIN/2013/54948
Postal Regd. : RJ/AJ/210/2024-26

# आगाज की आवाज

प्रतिस्पर्धा से दूर, खबरें भरपूर, आगाज हमारा, आवाज आपकी.....
www.aagajkiaawaj.com

वर्ष 13 | अंक 01 | पाक्षिक | अजमेर, 16 दिसम्बर 2025 | मूल्य 10 रूपये | कुल पृष्ठ 4

## पीसांगन के केसरपुरा में अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़, भारी मात्रा में सिलेंडर व वाहन जब्त



**अजमेर/संवाददाता।** जिले के पीसांगन क्षेत्र के ग्राम केसरपुरा में अवैध गैस रिफिलिंग की सूचना पर रसद विभाग, पुलिस एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने सुनियोजित कार्रवाई करते हुए बड़े पैमाने पर अवैध गतिविधि का खुलासा किया। जिला रसद अधिकारी नीरज जैन ने बताया कि सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया, जहां घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों में बिना किसी वैध अनुज्ञा, सुरक्षा मानकों एवं नियमों की अवहेलना करते हुए अवैध रूप से रिफिलिंग की जा रही थी, जिससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी।

उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान एक गैस टैंकर, दो पिकअप वाहन एवं एक लोडिंग टेंपो बरामद किए गए, जिनका उपयोग अवैध गैस परिवहन एवं रिफिलिंग में किया जा रहा था। इसके साथ ही एक घरेलू तथा 115 कमर्शियल श्रेणी के गैस सिलेंडर, गैस भरने में प्रयुक्त नोजल पाइप, टोटलाइजर मशीन, इलेक्ट्रॉनिक वजन कांटा, अन्य तकनीकी उपकरण एवं पेट्रोलियम पदार्थ जब्त किए गए। जब्त सिलेंडर एवं उपकरण मैसर्स भास्कर इंडेन गैस एजेंसी आईओसीएल सराधना को सुपुर्द किए गए, जबकि गैस टैंकर को आईओसीएल प्लांट तबीजा को सुपुर्द किया गया।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गैस टैंकर से सीधे सिलेंडरों में गैस भरकर उन्हें बाजार में खपाने की तैयारी की जा रही थी, जिससे उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी हो रही थी और जनसुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा था। पुलिस ने मौके पर उपस्थित दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें लंबे समय से इस प्रकार के अवैध कार्य किए जाने के संकेत मिले हैं। प्रकरण में थाना मांगलियावास में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं द्रवित पेट्रोलियम गैस आपूर्ति एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 के अंतर्गत मामला दर्ज कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने बताया कि अवैध गैस रिफिलिंग जैसी गतिविधियां अत्यंत खतरनाक हैं, जिनसे आगजनी, विस्फोट एवं जनहानि की गंभीर आशंका रहती है। प्रशासन द्वारा जिले में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार सघन निगरानी रखी जा रही है तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल में प्रवर्तन अधिकारी रेनुका चतुर्वेदी, प्रवर्तन निरीक्षक राहुल वेदवाल एवं मुकेश बुगालिया, मांगलियावास थानाधिकारी दिनेश कुमार, जिला स्पेशल टीम से उप निरीक्षक सत्यवान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## भजनलाल सरकार के दो वर्ष-सुशासन रथ को दिखाई हरी झंडी, ऐतिहासिक फैसलों का किया उल्लेख



**अजमेर/संवाददाता।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को अजमेर मुख्यालय पर आयोजित **''सुशासन एवं सेवा पखवाड़ा''** कार्यक्रम के अंतर्गत सुशासन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के साथ केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि सुशासन रथ के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और पारदर्शी शासन प्रणाली को आमजन तक सीधे पहुंचाने का अभियान **''सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास''** के संकल्प को जमीनी स्तर पर सशक्त करेगा।

भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने बीते दो वर्षों में किसानों, महिलाओं, युवाओं, गरीबों और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक और जनहितकारी निर्णय लिए हैं। सुशासन एवं सेवा पखवाड़ा जनता को सेवा, समर्पण और जवाबदेही की भावना से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, अजमेर दक्षिण विधायक अनीता पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, अधिकारीगण, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## माकड़वाली में नवनिर्मित जलाशय का लोकार्पण, क्षेत्र को मिलेगा नियमित पेयजल





**अजमेर/संवाददाता।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को माकड़वाली गांव में नवनिर्मित 50 किलोलीटर क्षमता वाले उच्च जलाशय का लोकार्पण किया। यह जलाशय विधायक कोष के अन्तर्गत एक करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से अल्प अवधि में तैयार किया गया है। इसके शुरू होने से आसपास के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले हजारों लोगों को पीने के पानी की समस्या से राहत मिलेगी।

इस अवसर पर वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि जलाशय के निर्माण से माकड़वाली क्षेत्र के साथ-साथ आसपास की अनेक कॉलोनियों एवं उससे सटे इलाकों को भी नियमित और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि अजमेर की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार योजनाएं चलाई जा रही हैं। सड़क, पानी, बिजली और सीवरेज सहित सभी क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से यह परियोजना तय समय सीमा में पूरी की गई है, जिससे अब क्षेत्रवासियों को टैंकरों और निजी जल स्त्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह जलाशय आत्मनिर्भर और विकसित अजमेर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आमजन की सुविधा और सहूलियत में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में अजमेर के हर वार्ड तक पेयजल और स्वच्छता सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अभियंता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

आप सभी सुधि पाठकों के स्नेह, विश्वास और सहयोग से **"आगाज की आवाज"** समाचार पत्र ने **सफलतम 13वें वर्ष में प्रवेश किया है।**

## नि:शुल्क 10 दिवसीय क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ



**अजमेर/संवाददाता।** आयुर्वेद विभाग के अन्तर्गत खांडल विप्र छात्रावास, कृषि उपज मण्डी के पास जयपुर रोड किशनगढ़ में विशाल स्तर पर दस दिवसीय अन्तरंग अर्श एवं भगंदर क्षारसूत्र नि:शुल्क शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उप निदेशक डॉ. हनुमान मीना एवं शिविर प्रभारी डॉ. राजावत ने बताया कि यह नि:शुल्क चिकित्सा शिविर संचालित किया जा रहा है, जो आगामी दिनों में भी जारी रहेगा। शिविर में अर्श, भगंदर आदि रोगों से पीड़ित मरीजों का नि:शुल्क शल्य उपचार किया जा रहा है तथा मरीजों को 10 दिनों तक रहने एवं भोजन की व्यवस्था नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

शिविर में अर्श, भगंदर के अतिरिक्त अन्य आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियों से भी उपचार किया जा रहा है, जिसमें अग्निकर्म चिकित्सा द्वारा विभिन्न वात रोगों, घुटनों का दर्द, कमर दर्द, सायटिका, फ्रोजन शोल्डर, पैरों की कीले एवं त्वचा पर होने वाले मस्सों का उपचार शामिल है, वहीं पंचकर्म पद्धति द्वारा वात रोगों से ग्रसित सायटिका, कमर दर्द एवं पुराने जोड़ों के दर्द का उपचार किया जा रहा है। जिला स्तर पर विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बहिरंग मरीजों का उपचार किया जा रहा है। यह नि:शुल्क शल्य चिकित्सा शिविर 21 दिसम्बर तक निरंतर चलेगा।

शिविर की समाप्ति तक लगभग 80 मरीजों को शल्य चिकित्सा के लिए भर्ती किया गया है तथा अब तक लगभग 650 मरीज बहिरंग चिकित्सा से लाभान्वित हो चुके हैं। शिविर में डॉ. आशीष सोनी, डॉ. हेमराज सेन, डॉ. दिनेश मीना, डॉ. रवि वर्मा, गिरिराज शर्मा, तनुज सैनी और दीपचंद ने अपनी सेवाएं दीं।

## मुनि विनम्र सागर महाराज को श्रीफल भेंटकर किशनगढ़ प्रवास हेतु निवेदन

**किशनगढ़/संवाददाता।** संत शिरोमणि आचार्य विधासागर महाराज के सुयोग्य शिष्य केकड़ी में विराजित मुनि विनम्र सागर महाराज ससंघ को किशनगढ़ प्रवास हेतु श्रीफल समर्पित किया। मुनिसंघ का संभवत: केकड़ी से सरवाड़, नसीराबाद, अजमेर होते हुए किशनगढ़ आने का कार्यक्रम है। श्रीफल समर्पित करने वालों में आदिनाथ पंचायत के उपाध्यक्ष प्रदीप गंगवाल, मंत्री प्राणेश बज, उपमंत्री इंदर चंद पाटनी, लोकेश जांझरी, सुभाष चौधरी, अनिल गगंवाल, श्रैयांस पाटोदी, शेखर पाटनी, राकेश काला, महेंद्र गगंवाल आदि उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# मन जब मोबाइल की गिरफ्त में तब ध्यान, धैर्य और मानसिक शांति कहाँ ?

हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जहाँ तकनीक प्रत्येक पल और हर कदम पर हमारे साथ है। स्मार्टफोन, जो कभी सुविधा का प्रतीक हुआ करता था, आज हमारी दिनचर्या का केंद्र बन चुका है। यह उपकरण जो कभी केवल कॉल, मैसेज और अलार्म तक सीमित था, अब हमारे संवाद, मनोरंजन, सूचनाओं और यहां तक कि भावनाओं तक का माध्यम बन गया है। पर क्या कभी हमने यह सोचने की ज़हमत उठाई है कि जिस फोन को हम अपनी सबसे बड़ी ताकत समझते हैं, वह कहीं हमारी मानसिक शांति और एकाग्रता को खत्म करने का माध्यम तो नहीं बन गया?

आज अधिकांश लोग सुबह की शुरुआत मोबाइल के अलार्म से नहीं, बल्कि इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप या मेल चेक करने से करते है। दिन भर काम के बीच में भी हर कुछ मिनट पर फोन की स्क्रीन अनायास देखी जाती है–कोई नया नोटिफिकेशन आया क्या? कोई नई पोस्ट, नया वीडियो, या कोई अपडेट तो नहीं? यह सब इतना सामान्य हो चुका है कि हमें अब इसमें असामान्यता का कोई संकेत नहीं दिखता। लेकिन यहीं से शुरू होता है असली नुकसान–धीरे-धीरे और गहराई से।

एक तरफ मोबाइल ने हमें दुनिया से जोड़ दिया, वहीं इसने हमारी खुद से दूरी बढ़ा दी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि मोबाइल पर अत्यधिक निर्भरता न केवल मानसिक एकाग्रता को प्रभावित करती है, बल्कि यह हमारी सोचने-समझने की क्षमता, हमारी रचनात्मकता और रिश्तों की गहराई को भी प्रभावित करती है। डोपामिन, जो हमारे मस्तिष्क को खुशी का अनुभव कराता है, वह हर एक 'लाइक', 'कमेंट', और 'नोटिफिकेशन' से उत्तेजित होता है। यह तात्कालिक आनंद तो देता है, पर दीर्घकालीन दृष्टि से यह हमें थका देता है, बेचैन करता है और चिड़चिड़ापन पैदा करता है।

हमारे जीवन से वह शांति और स्थिरता धीरे-धीरे खोती जा रही है जो कभी एकांत में बैठने, किताबें पढ़ने या प्रकृति से जुड़ने से मिलती थी। आजकल हम बस में सफर करते समय, कैफ़े में बैठे हुए या परिवार के बीच में होते हुए भी अपने फोन की स्क्रीन में डूबे रहते हैं। अब खाली वक्त को सहने की आदत नहीं रही। हर विराम, हर शून्यता को तुरंत भरने के लिए स्क्रीन मौजूद रहती है। और सबसे खतरनाक बात यह है कि यह लत अब बच्चों में भी साफ़ देखी जा सकती है। 5 साल का बच्चा भी खाना तभी खाता है जब उसके सामने मोबाइल चल रहा हो। किशोर अब अपने मन की बात दोस्तों से नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पोस्ट्स से ज़ाहिर करते हैं। रिश्ते धीरे-धीरे भावनाओं से नहीं, रील्स और रिएक्शन से जुड़ने लगे हैं। इस परिस्थिति से निकलने का पहला कदम है डिजिटल अवेयरनेस–यानि यह समझना कि मोबाइल का अत्यधिक उपयोग कब नुकसानदायक बन रहा है। उसके बाद आता है डिजिटल डिटॉक्स–कुछ घंटे, कुछ दिन या कुछ समय के लिए फोन से दूरी बनाना। शुरुआत आसान नहीं होगी, लेकिन धीरे-धीरे जब हम देखेंगे कि हमारे भीतर फिर से ध्यान टिकने लगा है, रिश्ते गहराने लगे हैं और मन हल्का महसूस करता है–तब हम समझेंगे कि असली सुख कहां छिपा था। हमें मोबाइल को साधन की तरह उपयोग करना होगा, साध्य की तरह नहीं। तकनीक हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए है, उसे जीने का आधार नहीं बनाना चाहिए। कोई भी टेक्नोलॉजी तब तक वरदान है, जब तक वह हमारी स्वतंत्रता में बाधा न बने।

अब समय है कि हम स्क्रीन से नजर हटाकर अपने भीतर झाँकें। आत्म-निरीक्षण करें कि क्या वाकई हम समय को जी रहे हैं, या बस सोशल मीडिया की रफ्तार में बह रहे हैं। शायद वही खोई हुई मानसिक शांति, वही पुरानी स्थिरता और वो गहराई हमें फिर से महसूस हो–बस हमें थोड़ा ठहरना होगा।

# स्वर्ण मंदिर पहुंचे शरवरी-वेदांग

बॉलीवुड में नई जोड़ी शरवरी वाघ और वेदांग रैना इन दिनों चर्चा में हैं। दोनों निर्देशक इम्तियाज अली की अपकमिंग फिल्म की शूटिंग के लिए अमृतसर पहुंचे हैं। शूटिंग की शुरुआत से पहले दोनों कलाकारों ने स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में शरवरी और वेदांग मंदिर परिसर में हाथ जोड़कर बैठे नजर आए। शरवरी ने पारंपरिक आउटफिट में सादगी से दर्शन किए, वहीं वेदांग केसरी रुमाल पहने दिखे। दोनों की इस धार्मिक यात्रा को फैंस ने काफी पसंद किया। एक अन्य वीडियो में दोनों कलाकारों को अमृतसर के एक होटल में प्रवेश करते देखा गया, जहां वे फैंस से मिलते और तस्वीरें खिंचवाते दिखे। शरवरी ने कुर्ता-पायजामा पहना था, जबकि वेदांग ने सफेद कुर्ता और डेनिम जींस के साथ कैजुअल लुक अपनाया था। दोनों के बीच की केमिस्ट्री और डाउन-टू-अर्थ स्वभाव ने लोगों का दिल जीत लिया है। फिल्म को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन शूटिंग की शुरुआत और कलाकारों की तैयारी से फैंस को बड़ी उम्मीदें हैं।

# एलीवेटेड रोड का नामकरण 'रामसेतु', चौथी भुजा भी आवागमन के लिए खुली

**अजमेर/संवाददाता।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने एलीवेटेड रोड की चौथी भुजा का शुभारंभ कर पूरे मार्ग को **'रामसेतु'** नाम की सौगात दी। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में शहर के संत, प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।




शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही एलीवेटेड रोड का नामकरण **'रामसेतु'** कर विधिवत अनावरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा इसी वर्ष एलीवेटेड रोड के नामकरण **'रामसेतु'** को स्वीकृति प्रदान की गई थी। यह निर्णय राष्ट्रीय गौरव, सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक विरासत को सहेजने की भावना के अनुरूप लिया गया है।

उन्होंने कहा कि अजमेर की एलीवेटेड रोड स्टेशन रोड, पृथ्वीराज मार्ग, कचहरी रोड एवं नसियां जी रोड के ऊपर से होकर गुजरती है, जो शहर के विभिन्न हिस्सों को जोड़ते हुए यातायात को निर्बाध बनाती है। **'रामसेतु'** नामकरण से यह मार्ग भौतिक के साथ-साथ सांस्कृतिक रूप से भी शहर को जोड़ने का कार्य करेगा।

फव्वारा चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम में देवनानी ने कहा कि अजमेर में राष्ट्रीय गौरव को अग्रणी रखने का एक सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पूर्व में गुलामी के प्रतीक रहे नामों को बदलकर राष्ट्रीय एवं ऐतिहासिक गौरव के अनुरूप नामकरण किए गए हैं।

इसी क्रम में राजस्थान पर्यटन विकास निगम के होटल **'खादिम'** का नाम बदलकर **'अजयमेरू'** रखा गया, फॉयसागर झील का नाम 'वरुण सागर' किया गया तथा स्टेशन रोड स्थित किंग एडवर्ड मेमोरियल का नाम **'महर्षि दयानंद विश्रांति गृह'** किया गया।

इस अवसर पर नृसिंह मंदिर के महंत श्यामशरण दास, सतीश बंसल, योगेश शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# भक्तामर महामंडल विधान में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, 1500 से अधिक भक्तों ने किया विधान पूजन



**मदनगंज-किशनगढ़/संवाददाता।** श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत के तत्वावधान में एवं श्रुतसंवेगी महाश्रमण मुनि आदित्यसागर महाराज ससंघ के सानिध्य में रविवार को जयपुर रोड स्थित आरके कम्युनिटी सेंटर में सर्वोदय सर्व विघ्नहरण भक्तामर महामंडल विधान का भव्य आयोजन किया गया। विधान में 11 मुख्य पात्रों के परिजनों सहित लगभग 1500 भक्तों ने पूजा-अर्चना कर 48काव्यों पर 48अर्घ अर्पित किए।

पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी ने बताया कि विधान की शुरुआत श्रावक श्रेष्ठी द्वारा ध्वजारोहण से हुई। इसके पश्चात मुख्य कलश की विधान मंडल पर स्थापना की गई तथा अखंड दीप प्रज्वलित किया गया।

प्रचार मंत्री गौरव पाटनी ने बताया कि मुनि अप्रतीम सागर महाराज के मंत्रोच्चारण के साथ संगीतकार मनीष भोपाल की संगीतमय प्रस्तुतियों के बीच विधानाचार्य अभिषेक जैन शास्त्री के निर्देशन में अर्घ समर्पित किए गए। विधान के अंत में मुनि आदित्यसागर महाराज ने भक्तामर विधान की महिमा बताते हुए सभी को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया।

विधान के पश्चात सायं 6बजे से श्रुत समाधान कार्यक्रम आयोजित हुआ, वहीं 6:45 बजे मुनि आदित्यसागर महाराज की संगीतमय आरती संपन्न हुई।

## साहस, दृढ़ता और लगन ही जीवन का सार- आदित्यसागर महाराज

श्रुतसंवेगी महाश्रमण मुनि आदित्यसागर महाराज ने रविवार प्रात: आरके कम्युनिटी सेंटर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि साहस, दृढ़ता और लगन तीन ऐसे मुख्य गुण हैं जो जीवन में मानव को सही अर्थों में जीव बनाए रखते हैं। ये तीनों गुण आपस में जुड़े हुए हैं और सफलता की नींव हैं। साहस शुरुआत की प्रेरणा देता है, लगन लक्ष्य पथ पर बनाए रखती है और दृढ़ता अंत तक हार न मानने की शक्ति देती है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में योग्यता होती है, आवश्यकता है उसे जागृत करने की। यदि व्यक्ति ठान ले कि जो लक्ष्य निर्धारित किया है उसे प्राप्त करके ही रहेगा, तो कोई भी कठिन परिस्थिति बाधा नहीं बन सकती। इससे पूर्व सभा में चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

# रूपनगढ़ में देहात जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विकास चौधरी का भव्य स्वागत

**अजमेर/संवाददाता।** देहात जिला कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विकास चौधरी के प्रथम बार रूपनगढ़ पहुंचने पर फुहारा सर्किल पर पूर्व मंत्री, पीसीसी उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीवन राम भाकर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। फुहारा सर्किल पर पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के बीच कार्यकर्ताओं ने उत्साह व्यक्त किया।

फुहारा सर्किल से जुलूस के रूप में गोकुल धाम मैरिज गार्डन पहुंचकर आगामी 14 दिसंबर को होने वाली 'वोट चोर गद्दी छोड़' महारैली को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रूपनगढ़ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय हुआ कि रूपनगढ़ ब्लॉक से अधिक से अधिक कार्यकर्ता 14 दिसंबर को दिल्ली जाएंगे।

इस अवसर पर विकास चौधरी और नसीम अख्तर इंसाफ ने कार्यकर्ताओं को आगामी पंचायत राज चुनाव में अभी से जुटकर तैयारी करने का आह्वान किया और सर प्रक्रिया में वोटर सत्यापन सुनिश्चित करने की अपील की।

बैठक में हाजी इंसाफ अली, रूपनगढ़ सरपंच हाजी इकबाल छिपा, पिंगलोद सरपंच शिवराज डोडवाडिया, कोटड़ी सरपंच भंवर बिजारणियां, नोशल सरपंच महेंद्र रैगर, भदूण सरपंच अनिल खुरडिया, किसनगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, जाट महासभा अध्यक्ष रामविलास थाकन सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश मुंड, जमील कुरेशी, फिरोज देशवाली, माला राम रैगर, बाबू लाल मौर्य, मोती राम फगोडिया, यूथ उपाध्यक्ष दिनेश मौर्य, इरफान शेख, गोविंद बंजारा, भंवर बराला, भगवान सिंह, सेदू राम मेघवाल, लक्ष्मीनारायण शर्मा, लिख्मा राम बाना, मदन लाल रैगर, योगेश चौधरी, गिरधारी गुर्जर, नगर अध्यक्ष रामनारायण कुमावत, ब्लॉक महासचिव श्रवण लाल भादू ने माला और साफा पहनाकर किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाए और संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर रामनिवास डूकिया, दीपा राम नौशल, भंवर बोचल्या, नाथु वाल्मीकि, हरकरण रैगर, अर्जुन चावला, सूरज करण रैगर, रामनारायण गुर्जर, यूथ अध्यक्ष सोनू गुर्जर, देवा राम नटेरवाल, मंगनी राम मंडेल, पूर्व सरपंच कन्हैया लाल शर्मा, बलबीर सिंह, सुरेश बावरी, रतन नाथ, सराज खान, गणपत प्रजापत, हजारी खाती, मोहन खोरवाल, मोहन जाजड़ा, बजरंग गवाड्या, परमा राम जाजड़ा, भंवर रैगर, पुरण रैगर, ताराचंद खटीक, मोहित पाराशर, पहलाद वाल्मीकि, राजू वाल्मीकि, शंकर नाथ त्योद, मोहसिन आजाद, इसाक खान कायमखानी, गंगा राम, मंगल फाड़ोलिया, रामस्वरूप कलवानिया, मंडल अध्यक्ष सम्मन बेग, मुन्ना भाई, संगठन महासचिव इकरामुद्दीन खान, सरदार बोचलिया, पूसा राम मेघवाल, सोनू रैगर, पप्पू गुर्जर, श्योजी राम गुर्जर, गोरधन फामडा, रतन लाल गुर्जर, शौकत खान, शिवपाल सिंह, याकुब खान, रामकिशन धायल, रतन लाल भाकर, शैतान जाजड़ा, लक्ष्मण जाखड़, रामकिशन जाट, शीशराम भाकर, सूरज भाकर, रामस्वरूप रलावता, आशीष खिलेरी, सोराम थाकन, शिंभू नाथ, राजू राम, भंवर फगोडिया, किशन लेगा, कल्याण मौर्य, दिलीप मौर्य, इरफान कुरेशी, गिरधारी थाकन, घासी राम थकान, गोरधन बोचलिया, शिंभू डूकिया, रामदेव गेनन, रामदेव जांगिड़, अमराराम गोदारा, दुर्गा माली, परमेश्वर भाटी, छीतर जाजड़ा, काना राम, नानू राम, हरि राम नौदल, राजेश, संजय मालाकार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जुलूस के दौरान जगह-जगह स्वागत हुआ और कार्यकर्ताओं ने जेसीबी मशीनों द्वारा भव्य पुष्प वर्षा की। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीवन राम भाकर ने किया।

# अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के प्रयास से DMFT मद से 26.5 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत



**किशनगढ़ (अजमेर)/ संवाददाता।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के प्रयासों से अजमेर संसदीय क्षेत्र में DMFT मद से प्रस्तावित विभिन्न कार्य स्वीकृत हो गए।

गत 15 अक्टूबर को आयोजित बैठक में उक्त कार्यों को लेकर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने अजमेर के संबंधित अधिकारियों से चर्चा की थी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने उक्त कार्यों को लेकर जल्द स्वीकृति हेतु सहमति व्यक्त की थी, जिस पर सोमवार को सभी कार्य DMFT मद से स्वीकृत हो गए।

अजमेर लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में DMFT मद से 26.05 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत हुए, जिनमें शामिल हैं- मेगा हाईवे से टोंकड़ा 3 किमी सीसी रोड 7 मीटर चौड़ाई, श्रीराम कांटा से जाटो की ढाणी तक 2 किमी सीसी रोड 7 मीटर चौड़ाई, बन्थली से जिला सीमा टोंक तक बीटी रोड, टोंकड़ा से डम्पिंग यार्ड द्वितीय होते हुए मेसर्स सप्तगिरी मार्बल तक 2-लेन सड़क, मगरा से मानपुरा की ढाणी के कायमपुरा रोड तक सड़क, डांग से हरडी रास्ते होते गुन्दली-मालपुरा रोड तक 4.60 किमी डामरीकरण, सिनोदिया से आऊ होते हुए खाकड़दी मोड़ तक 5 किमी सड़क, राजकीय यज्ञनारायण चिकित्सालय किशनगढ़ में दानदाताओं द्वारा प्रदत्त सीटी स्कैन मशीन हेतु 22×28कक्ष निर्माण, राजकीय महात्मा गांधी विश्कर्मा विद्यालय किशनगढ़ में 4 कक्षा-कक्ष निर्माण, रा.उ.मा.वि. केसरपुरा मेवाड़िया में 2 कक्षा-कक्ष निर्माण, रा.उ.प्रा.वि. सुरजपुरा ग्राम पंचायत कुम्हारिया पं.स. भिनाय में 2 कक्षा-कक्ष निर्माण, ग्राम भगवानपुरा किलकों का खेड़ा विद्यालय में 2 कक्षा-कक्ष निर्माण, पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सांवतसर किशनगढ़ में 2 कक्षा-कक्ष निर्माण, रा.प्रा.वि. ज्याणियों की ढाणी छोटालांबा अराईं में हॉल निर्माण, रा.उ.मा.वि. बरोल अजमेर में 2 कक्षा-कक्ष निर्माण, रा.उ.मा.वि. भामोलाव अराईं अजमेर में प्रार्थना स्थल डोम निर्माण, रा.उ.मा.वि. मालियों का नया गाँव सावर (केकड़ी) में 2 कक्षा-कक्ष निर्माण, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दांतरी बोराड़ा में 2 कक्षा-कक्ष निर्माण, रा.उ.प्रा.वि. रोडावास में 2 कक्षा-कक्ष निर्माण और अराई में सामुदायिक केंद्र निर्माण।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने कहा कि संसदीय क्षेत्र का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# अजमेर से हजारों कांग्रेसी दिल्ली महारैली में हुए शामिल



**मदनगंज-किशनगढ़/ संवाददाता।** किशनगढ़ विधायक एवं अजमेर देहात जिला अध्यक्ष विकास चौधरी के नेतृत्व में क्षेत्र से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे। कार्यकर्ता दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस की महारैली में शामिल हुए और पार्टी के आंदोलन में भागीदारी निभाई।

विकास चौधरी के नेतृत्व में किशनगढ़ से कार्यकर्ताओं का काफिला दिल्ली के लिए रवाना हुआ। किशनगढ़, पुष्कर, नसीराबाद और केकड़ी क्षेत्र से बसों व कारों का काफिला दिल्ली पहुंचा। महारैली में अजमेर ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। इससे पहले कांग्रेसी किशनगढ़ में एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए दिल्ली के लिए रवाना हुए।

महारैली को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। इस दौरान विकास चौधरी ने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया और कहा कि मतदाता सूची में गड़बड़ी के खिलाफ कांग्रेस देशभर में संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता पार्टी की ताकत और संगठन की रीढ़ है तथा भाजपा की कथित वोट चोरी को देशभर में उजागर किया जाएगा।

# माली समाज ने पैथोलॉजी डॉक्टर नरेंद्र चौधरी के खिलाफ चिकित्सा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**किशनगढ़/संवाददाता।** राजकीय यज्ञनारायण जिला चिकित्सालय किशनगढ़ में कार्यरत पैथोलॉजी डॉक्टर नरेंद्र चौधरी पर लेब में कार्यरत महिला कार्मिकों से बदसलूकी और मानसिक पीड़ा पहुंचाने के आरोपों को लेकर माली समाज ने चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर को ज्ञापन सौंपा।

माली समाज के प्रतिनिधि कैलाश भाटी, नन्दलाल सैनी और रमेश मालाकार ने बताया कि पैथोलॉजी डॉक्टर नरेंद्र चौधरी लंबे समय से महिला कार्मिकों के साथ दुर्व्यवहार कर रहा है। हाल ही में लेब असिस्टेंट आशा सैनी के साथ भी उसने कई बार झूठे आरोप लगाकर रजिस्टर में अवैध मार्किंग की, अकेले मिलने के लिए दबाव बनाया और निजी सवाल पूछकर मानसिक तौर पर परेशान किया। आशा सैनी द्वारा पीएमओ को शिकायत देने पर डॉक्टर ने नियम विरुद्ध कारण बताओ नोटिस थमा दिया और व्यक्तिगत रूप से मिलकर मामला खत्म करने का दबाव बनाया।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2023 और मई 2025 में भी स्टाफ सदस्यों ने नरेंद्र चौधरी के खिलाफ शिकायत की थी, जिसके बाद उसका अन्यत्र स्थानांतरण हुआ, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते कुछ ही समय बाद वह फिर से यहीं पदस्थ हो गया। इसके बाद उसके हौसले और बढ़ गए और वह अन्य महिला कार्मिकों के साथ भी इसी प्रकार की हरकतें करता रहा। समाज के प्रतिनिधियों ने दस पेज के दस्तावेज भी मंत्री को सौंपे, जिनमें पूर्व में हुए घटनाक्रमों का उल्लेख है।

मामले की जानकारी मिलते ही माली समाज के लोग महिला कार्मिकों के साथ चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर से मिले और प्रभावी कार्यवाही की मांग की। इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण एवं विकास संस्था अध्यक्ष नन्दलाल सैनी, फूलमालियान शिक्षण संस्था अध्यक्ष कैलाश भाटी, राजस्थान माली महासभा किशनगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश मालाकार, सैनी विकास समिति अध्यक्ष दिनेश सैनी, भाजपा किशनगढ़ मंडल के पूर्व अध्यक्ष जयराम मालाकार, भारतीय मजदूर संघ के जिला महामंत्री कानाराम माली, बिरदी चन्द मालाकार, एडवोकेट सुखराम जादम, रवि मारोठिया, पायल भाटी, ऊषा सैनी, आशा सैनी, भागचंद मारोठिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

माली समाज ने चेतावनी दी कि यदि इस बार आरोपी डॉक्टर के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई, तो समाज जल्द ही आंदोलन की योजना बनाएगा।

# प्रेसीडेंसी स्कूल में पहली बार रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखाया स्पीड और संतुलन का जज्बा



**अजमेर/संवाददाता।** प्रेसीडेंसी स्कूल में 6और 7 दिसंबर को पहली बार आयोजित हुई रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता बच्चों के उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रही। खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य और एकेडमिक डायरेक्टर ए. पी. शर्मा ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का आधार हैं, बल्कि यह बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता और टीम भावना का निर्माण करते हैं।

प्रतियोगिता में 12 विभिन्न विद्यालयों और चार क्लबों के सौ से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। अलग-अलग आयु वर्गों में एडजस्ट बॉल 100 मीटर, क्वॉड 200 मीटर और इन-लाइन 200 मीटर जैसी रोमांचक स्पर्धाएँ कराई गईं। प्रतिभागियों ने अपने संतुलन, गति और कौशल से दर्शकों को प्रभावित किया। बच्चों की सक्रिय भागीदारी और अभिभावकों का जोश विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा।

स्वर्ण पदक विजेताओं में अमय शर्मा, निरपेक्ष नवदीप, भव्यंश मेघवंशी, हिमांक सिंह, आदिम हुसैन खान, तक्षण कुमावत, दर्शन कुमार, ईशान चरण, इशिता खोरवाल, दिशा जैन, कृशिका बुलचंदानी, प्रियांशी रावत, भाविका रामचंदानी, एलिजा खान, नैन भारद्वाज और वेदांशी अरोड़ा शामिल रहे।

रजत पदक शौर्य, पवन, निर्भय, युवराज, अयनांश, दर्श, देविट, तनिष्क, हर्षिका, हितिशा, कृतिका, वीनाया, हिमांशी, नंदिनी और माहि ने जीता।

कांस्य पदक योकेश, भविष्य, लक्षित, वेदांत सिंह, आरुष, अभियुक्त, संजना, माही, वैष्णवी, अक्षरा और प्रिशा ने अपने नाम किया। विद्यालय के चेयरमैन जी. एस. सिंघवी का कहना है कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ बच्चों में आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं।

विद्यालय की डायरेक्टर गरिमा सिंघवी का मानना है कि आधुनिक खेलों में भागीदारी से विद्यार्थी न केवल फिट रहते हैं, बल्कि भविष्य में ऐसे आयोजन उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार भी करेंगे। रोलर बास्केटबॉल और ड्रिबल बॉल लीग के क्वार्टर फाइनल मैच 7 दिसंबर रविवार को विद्यालय परिसर में खेले जाएंगे।

# जरूरतमंद बच्चों को फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा स्वेटर वितरण

**किशनगढ़।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोगियों का नाडा, अराई रोड किशनगढ़ में फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। साथ ही सरोज शर्मा ने अपनी विवाह वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सभी बच्चों को टॉफी और बिस्किट वितरण किया। कार्यक्रम में ममता रॉवका, पार्वती कुमावत, वंदना कुमावत, नेहा अग्रवाल, नीतू कचोलिया, ममता सुराणा, सीमा गोयल, नंदिनी महेश्वरी, नीतू श्ठी, मिनाक्षी वर्मा, निशा अग्रवाल आदि सभी महिलाओं का सहयोग रहा। विद्यालय प्रधानाचार्या सपना वर्मा एवं समस्त स्टाफ द्वारा सभी का स्वागत और सम्मान किया गया।

# राजगढ़ धाम पर आयोजित हुआ ब्लॉक स्तरीय स्वच्छता अभियान

**अजमेर/संवाददाता।** राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मसानिया भैरव धाम राजगढ़, अजमेर में ब्लॉक स्तरीय स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत धाम के मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज के पावन सानिध्य में तथा देवी लाल यादव उपखंड अधिकारी नसीराबाद और महेश चौधरी विकास अधिकारी श्रीनगर की मौजूदगी में भैरव धाम राजगढ़ परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर चम्पालाल महाराज ने सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए स्वच्छता अभियान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं मंदिर कमेटी की ओर से अतिथियों का स्वागत-सत्कार किया गया।

कार्यक्रम में कृष्ण कुमार यादव सीओ नसीराबाद, राकेश किराड़ तहसीलदार नसीराबाद, भंवर सिंह थाना अधिकारी, राजेंद्र कुमार वीडियो, रेखा कतीरिया प्रिंसिपल राजगढ़, आयुर्वेद चिकित्सक सीमा गुर्जर, हरि राठी, रमेश सेन, राहुल सेन, अविनाश सेन, मंडल अध्यक्ष हीरा सिंह रावत, ज्ञान सिंह रावत, ओम सिंह, सुक्खा सिंह, श्रवण सिंह, कमल बालोटिया, कुलदीप मेघवंशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रतिज्ञा व स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अजमेर/संवाददाता।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 11 से 25 दिसम्बर तक पूरे राज्य में सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रादेशिक परिवहन एवं सड़क सुरक्षा कार्यालय में प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सुमन भाटी द्वारा कार्यालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न कार्यों से आए लगभग 100 से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस दौरान सुरक्षित ड्राइविंग, यातायात नियमों के पालन और सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार का संकल्प लिया गया। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट के उपयोग, नशे में वाहन नहीं चलाने तथा तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग से बचने की प्रतिज्ञा कराई गई।



कार्यक्रम में अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी प्रकाश टहल्यानी, जिला परिवहन अधिकारी राजीव शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी मुकुल वर्मा, निरीक्षकगण एवं कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न स्कूलों तथा शहर के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा संबंधी समझाइश एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अरुणोदय पब्लिक स्कूल में परिवहन निरीक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा विषय पर व्याख्यान दिया गया तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नियमों की पालना की प्रतिज्ञा दिलाई गई। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान जिले में वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों, विशेष रूप से लेन ड्राइविंग की पालना एवं सुरक्षित वाहन संचालन के लिए समझाइश की गई।

# जिला स्तरीय बैंकिंग परामर्श एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

**अजमेर/संवाददाता।** जिला स्तरीय बैंकिंग परामर्श एवं समीक्षा समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसके साथ-साथ आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक भी हुई।



बैठक में लोक बन्धु ने कहा कि समस्त बैंकर्स विभिन्न योजनाओं पर संवेदनशीलता के साथ व्यक्तिगत ध्यान देकर पेन्डेंसी खत्म करें। आवेदकों को दस्तावेज पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करें तथा योजनाओं की बैंक स्तर पर शाखावार समीक्षा सुनिश्चित करें। आवेदनों को निस्तारित करते समय सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाए और ऋण अस्वीकृत होने की स्थिति में कारण स्पष्ट रूप से बताए जाएं।

उन्होंने बैंकर्स को साख-जमा अनुपात में वृद्धि पर ध्यान देने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को सेवा क्षेत्र की अवधारणा में नहीं मानते हुए क्षेत्र के सभी आवेदनों को स्वीकार करने को कहा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के बकाया आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने, अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहों के खाते खुलवाकर बैंक लिंकेज और क्रेडिट लिंकेज बढ़ने पर जोर दिया। इससे वार्षिक साख योजना को बढ़ावा मिलेगा।

लोक बन्धु ने प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के ऋण आवेदनों के त्वरित निस्तारण, स्वीकृति सूचना विभाग को जल्द भेजने और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र निर्णय लेकर स्वीकृत अथवा निरस्त करने की प्रक्रिया तेज की जाए। पीएम विश्वकर्मा योजना में अधिक लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसलों का बीमा 31 दिसम्बर तक कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में शाखाओं द्वारा ऋण आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। पुराने प्रकरणों पर पुन: कार्यवाही कर पूर्व में निरस्त किए गए आवेदनों का सत्यापन हो और पात्र व्यक्तियों को ऋण जारी किया जाए। वित्तीय समावेशन के तहत जनधन खाते, बीमा, पेंशन, री-केवाईसी एवं अन्य कार्यों में संख्यात्मक प्रगति लाने पर भी जोर दिया गया। इसके लिए जागरूकता बढ़ाने, जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय से कार्य करने तथा री-केवाईसी में ग्राम विकास अधिकारियों के सहयोग की बात कही गई।

बैठक में नगर निगम उपायुक्त कीर्ति कुमावत, बैंक ऑफ बड़ौदा के उप क्षेत्रीय प्रबंधक समीर शाह, जिला अग्रणी प्रबंधक संजय कुमार सिंह, राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार मुद्गल, भारतीय रिजर्व बैंक के विकास अधिकारी मनीष मंडल, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक राकेश शर्मा, आरसेटी डायरेक्टर कालूराम, एसबीआई के सहायक महाप्रबंधक चरितेंदु जोशी, कृषि विभाग की उपनिदेशक आरती यादव सहित अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गिनाई उपलब्धियां, विकास व सड़क सुरक्षा रथ रवाना

**अजमेर/संवाददाता।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को जिला स्तरीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने प्रेस ब्रीफिंग कर सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज परिसर से अजमेर जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार के लिए विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।






उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की घोषणाएं धरातल पर साकार हो रही हैं। राम सेतु लिंक परियोजना के तहत 26हजार करोड़ रुपए के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं तथा यमुना नहर परियोजना की डीपीआर तैयार की जा रही है। राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू किए गए हैं, जिनमें से लगभग 25 प्रतिशत पर ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। बीते दो वर्षों में 22 नई नीतियां लागू की गई हैं।

उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार सतत प्रयास कर रही है। दो वर्षों में 90 हजार युवाओं को रोजगार दिया गया है तथा एक लाख 50 हजार भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए विशेष जांच दल का गठन किया गया है। इस अवधि में 296परीक्षाएं आयोजित की गईं और किसी भी परीक्षा में पेपर लीक की घटना नहीं हुई।

महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत लगभग 9 लाख महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। योजना की राशि बढ़ाकर 6हजार 500 रुपए की गई है। राज्य में 10 लाख साइकिलें और 39 हजार स्कूटियां बालिकाओं को वितरित की गई हैं। 19 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है तथा 12 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाया गया है। महिला थानों और एंटी रोमियो स्क्वायड के गठन से अपराध दर में उल्लेखनीय कमी आई है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में सप्ताह में पांच दिन गर्म दूध उपलब्ध कराया जा रहा है। एक हजार नए आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत किए गए हैं तथा पुराने केंद्रों की मरम्मत के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। आजीविका संवर्धन के लिए दो लाख स्वयं सहायता समूहों को 660 करोड़ रुपए की सहायता दी गई है।

पर्यटन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि पुष्कर कॉरिडोर को आइकॉनिक डेस्टिनेशन में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता 6हजार 363 मेगावाट से बढ़कर 30 हजार 525 मेगावाट हो गई है। दो वर्षों में 27 हजार 238करोड़ रुपए की लागत से सड़कों का विकास किया गया है।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर में आयुर्वेद चिकित्सालय का लोकार्पण, आईटी पार्क में भूखंड आवंटन, एंट्री प्लाजा, स्टेडियम और लेपर्ड सफारी जैसी परियोजनाएं सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाकर 9 हजार रुपए की गई है और ईआरसीपी परियोजना से किसानों को लाभ मिलेगा। विधायक अनीता भदेल ने कहा कि वर्षों से लंबित विकास कार्य पूरे किए जा रहे हैं और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जल निकासी व सड़क निर्माण के लिए बड़ी राशि स्वीकृत की गई है।

इसी अवसर पर परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग का जिला स्तरीय कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सड़क सुरक्षा रथ और रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने वाले 10 गुड सेमेरीटन को हेलमेट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रैली जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सूचना केंद्र पर संपन्न हुई, जिसमें स?क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा, महापौर ब्रजलता हाडा, उप महापौर नीरज जैन, संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, जिला कलक्टर लोक बन्धु, जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवाचार दिवस पर लॉन्चपैड सेन्टर में छात्राओं को मिला उद्यमिता का मंच



**अजमेर/संवाददाता।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के इन्क्यूबेटर सेन्टर द्वारा सावित्री बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित लॉन्चपैड सेन्टर में नवाचार दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 की छात्राओं को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की संयुक्त निदेशक श्रुतिकीर्ति गुप्ता तथा संभाग स्तरीय उपनिदेशक एवं इन्क्यूबेटर सेन्टर के प्रभारी अधिकारी कमलेश सिंहल ने बताया कि आई-स्टार्ट राजस्थान का उद्देश्य केवल उच्च शिक्षण संस्थानों तक सीमित नहीं है, बल्कि स्कूली स्तर से ही नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की नींव रखना है। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने विचारों को पहचानने, आकार देने और उन्हें सामाजिक व आर्थिक रूप से प्रभावशाली समाधान में बदलने का अवसर दिया जा रहा है। इससे विद्यार्थी न केवल स्टार्टअप की अवधारणा को समझेंगे, बल्कि भविष्य में रोजगार देने की दिशा में भी अग्रसर होंगे। यह पहल राजस्थान को स्टार्टअप के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

लॉन्चपैड सेन्टर छात्राओं और स्थानीय स्टार्टअप को आधुनिक उद्यमिता की दिशा में सशक्त करेगा। इससे स्कूल की छात्राओं और नवोदित उद्यमियों को उनके स्टार्टअप सफर की मजबूत शुरुआत मिलेगी। यह सेन्टर छात्राओं में उद्यमशीलता की भावना विकसित कर उन्हें नवीन सोच के साथ समाजोपयोगी समाधान प्रस्तुत करने तथा भविष्य के रोजगारदाता के रूप में तैयार करेगा। विद्यालय में हाई स्पीड इंटरनेट, कम्प्यूटर, टैबलेट एवं फर्नीचर जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

राजस्थान सरकार द्वारा विद्यालय में आई-स्टार्ट लॉन्चपैड के संचालन के लिए डोमेन एक्सपर्ट शिव प्रताप ने भी छात्राओं को स्टार्टअप निर्माण, नवाचार, आईडिया डेवलपमेंट, ई-गवर्नेंस परियोजनाओं, आई-स्टार्ट परियोजना, ई-बाजार, आईडियाथोन, राज एलएमएस आदि की जानकारी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दी। साथ ही बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा स्टार्टअप्स को सहायता राशि भी उपलब्ध कराई जाती है।

स्वामित्व, प्रकाशक, सम्पादक ओमप्रकाश नाजवानी के लिए मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419/30 ब्रह्मपुरी, चर्च के पास, जयपुर रोड, अजमेर (राज.) से मुद्रित कर आगाज की आवाज (पाक्षिक) कार्यालयः 1-जे-16 न्यू हाऊसिंग बोर्ड, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। - सम्पादक ओमप्रकाश नाजवानी